

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से...

1 फरवरी 2023

***प्रिय साथियों,***

एक संगठन और एक टीम के रूप में हम सतत विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मानकों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जैसा कि, हम लगातार अपने रणनीतिक लक्ष्यों की ओर बढ़ रहे हैं, हमें संगठन के विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि हम भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में हो रहे विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वर्ष 2023 का प्रथम माह निगम के लिए महत्वपूर्ण घटनाओं और गतिविधियों से परिपूर्ण रहा है। मैंने, निदेशक (परियोजनाएं) के साथ, 03.01.2023 से 04.01.2023 तक 2000 मेगावाट, सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया और परियोजना के कार्यों में प्रगति की व्यापक समीक्षा की। टीम सुबनसिरी के उत्साह और उनके द्वारा की जा रही कड़ी मेहनत को देखकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई। मुझे विश्वास है कि परियोजना की 2 यूनिट को चालू करने का लक्ष्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त कर लिया जाएगा। इस माह के दौरान परियोजना के विभिन्न मोर्चों पर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। परियोजना की टीआरसी का कंक्रीटिंग कार्य 03.01.2023 को मेरी उपस्थिति में शुरू हुआ। इंटेक #7 के ईएल 210 मीटर पर स्लैब के पूरा होने के साथ 8 इंटेक संरचनाओं में से 7 का सिविल कार्य पूरा हो गया है। महत्वपूर्ण ईएंडएम कार्य जैसे यूनिट-3 का स्पाइरल केस का इरेक्शन शुरू कर दिया गया है तथा 630 टन रोटर असेंबली को रखने के लिए 85 टन वजन की यूनिट-2 की लोअर ब्रैकेट असेंबली को भी 19.01.2023 को जनरेटर पिट में सफलतापूर्वक रखा गया। दिनांक 03.01.2023 को श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी)/निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी एवं सीईओ, बीएसयूएल ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत श्री एम.के. गुप्ता से लखनऊ में भेंट की एवं बीएसयूएल के सौर परियोजनाओं/पार्कों के लिए भावी निवेश की योजना पर चर्चा की।

दिनांक 03.01.2023 को काठमांडू में एनएचपीसी की टीम ने नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से मुलाकात की एवं माननीय प्रधानमंत्री को नेपाल में एनएचपीसी द्वारा की जा रही पहलों से अवगत कराया। माननीय प्रधानमंत्री ने एनएचपीसी की पहल का स्वागत किया और नेपाल सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। हम नेपाल सरकार के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और नेपाल में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के प्रति आशान्वित हैं।

श्री संतोष कुमार, आईएफएस (एजीएमयूटी 1993), मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी ने शासन और लोक सेवा वितरण में उत्कृष्टता और नवाचार के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त किया। गोवा के माननीय राज्यपाल श्री पी.एस. श्रीधरन पिल्लई द्वारा दिनांक 26.01.2023 को यह पुरस्कार पणजी, गोवा में राज्य के समारोह कार्यक्रम के दौरान दिया गया।

मुझे 17 से 18 जनवरी 2023 तक आयोजित "भारत में जल विद्युत पर 20वें वार्षिक सम्मेलन" में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था, जिसमें मुझे जलविद्युत के विकास के लिए विचार साझा करने का अवसर मिला।

दिनांक 29.01.2023 से 31.01.2023 तक बेंगलुरु में आयोजित की जा रही प्रदर्शनी में 29.01.2023 को एनएचपीसी के द्वारा लगाए गए स्टॉल पर जाकर मुझे बहुत खुशी हुई । इस स्टॉल पर हमारी कंपनी की गतिविधियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से 'नर्चर नेचर' थीम के तहत प्रदर्शित किया गया।

**महीने की अन्य मुख्य विशेषताएं हैं:**

- एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर भारत का 74वाँ गणतंत्र दिवस देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।
- एनएचपीसी ने 18-20 जनवरी 2023 के दौरान इम्फाल में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और सामाजिक न्याय पर संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन दौरे की सफलतापूर्वक मेजबानी की ।
- सार्वजनिक उपक्रम समिति ने 09.01.2023 को चेन्नई में एनएचपीसी लिमिटेड और अन्य पावर पीएसयू के साथ "सीपीएसयू में कॉर्पोरेट गवर्नेंस" पर एक बैठक आयोजित की।
- एनएचपीसी ने पीएससीबी, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में त्यागराज स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित 27वें इंटर सीपीएसयू बैडमिंटन टूर्नामेंट (09 से 13 जनवरी 2023) के दौरान विभिन्न श्रेणियों में 2 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त किया।
- एनएचपीसी ने अपने कर्मचारियों के बीच खेल गतिविधियों और टीम भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित पहले 'मैत्री कप 2023' टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी की। टूर्नामेंट में एनएचपीसी, एनएचडीसी और सीवीपीपीपीएल सहित कुल तीन टीमों ने भाग लिया था जिसमें एनएचपीसी की टीम विजेता रही।
- अरुणाचल प्रदेश सरकार ने एनएचपीसी के साथ मिलकर सियांग/अपर सियांग जिलों (अरुणाचल प्रदेश) के स्थानीय निवासियों को बहुउद्देशीय बांध परियोजनाओं के लाभ/विकास/पुनर्स्थापना और पुनर्वास कार्यों के बारे में जानकारी देने के लिए एनएचडीसी के इंदिरासागर तथा टीएचडीसी टिहरी पावर स्टेशनों की अध्ययन यात्रा का आयोजन किया।
- एनएचपीसी द्वारा 30.01.2023 को डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) के सहयोग से 'डेटा गोपनीयता दिवस' मनाया गया। दिनांक 30.01.2023 को निगम मुख्यालय में एक विशेष सेमिनार/कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया।
- जनवरी 2023 के महीने के दौरान राजस्व संग्रह 605.49 करोड़ रुपये था और जनवरी 2023 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 7104.16 करोड़ रुपये रहा ।
- जनवरी 2023 के अंत तक सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 22658 मिलियन यूनिट रहा।

भारत विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है। इस परिदृश्य में टीम एनएचपीसी की विशेष भूमिका है और देश को हमसे बहुत अपेक्षाएं हैं। जैसा कि हम अपने प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ रहे हैं, मैं आप सभी से संगठनात्मक गौरव के लिए एकजुट होकर काम करते रहने की अपील करता हूं।

आपका,

राजीव विश्नोई

**(आर.के. विश्नोई )**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**



# From CMD’s Desk…

1st February 2023

***Dear Colleagues,***

As an organization and as a team we are committed to achieve international standards in the field of sustainable power generation. Whereas, we have been consistently heading towards our strategic goals, we need to focus on growth of the organization so as to keep pace with the vision of Government of India as well with the developments taking place in the power sector.

I am glad to share that the first month of year 2023 has been full of important events and activities for the corporation. I, alongwith Director (Projects), visited 2000 MW Subansiri Lower HEP from 03.01.2023 to 04.01.2023 and took a comprehensive review of the progress of works at the Project. I am happy to see the zeal and hard work being put by the team Subansiri. I am confident that the target of commissioning 2 units shall be achieved as per schedule. There has been significant progress at various fronts of the Project during the month. The concreting works of TRC started on 03.01.2023 in my presence. The civil works of 7 out of 8 Intake structures stand completed with the completion of slab at EL 210m of Intake #7. Important E&M works like Spiral Case Erection of Unit-3 have been started and the Lower Bracket Assembly of Unit-2 weighing 85T which will hold 630T Rotor Assembly was also successfully placed in generator pit on 19.01.2023.

Shri Y.K. Chaubey, Director (Technical)/ Director (Personnel), NHPC and CEO, BSUL met Shri M.K. Gupta, Additional Chief Secretary, Energy and Additional Sources of Energy, Government of UP on 03.01.2023 at Lucknow regarding Global Investor Summit 2023 and discussed future investment plan for BSUL's Solar projects/parks.

NHPC team at Kathmandu met Rt. Hon'ble Prime Minister of Nepal Shri Puspa Kamal Dahal 'Prachanda' on 03.01.2023 and apprised the Hon'ble Prime Minister about NHPC's initiatives in Nepal. The Hon'ble Prime Minister welcomed NHPC initiatives and assured support of Nepal Government. We are looking forward to have a closer association with the Government of Nepal and expand our presence in Nepal.
Shri Santosh Kumar (IFS) Chief Vigilance Officer, NHPC received the Chief Minister's Award for Excellence and Innovation in Governance and Public Service Delivery. The award was conferred by Hon’ble Governor of Goa, Shri P.S. Sreedharan Pillai in State Function Programme at Panaji, Goa on 26.01.2023.

I was invited as keynote speaker to “20th Annual Conference on Hydro Power in India” held from 17th to 18th January 2023, wherein I got the opportunity to share ideas for growth of hydropower.

I was very happy to visit the NHPC stall on 29.01.2023 at the exhibition being organized by Power Foundation of India from 29.01.2023 to 31.01.2023 in Bengaluru. Our company's activities and achievements were effectively showcased under the theme 'Nurture Nature'.

## Other Highlights of the month are:

- 74th Republic Day of India was celebrated with great patriotic fervour across all NHPC locations.
- NHPC successfully hosted the Study Visit of Parliamentary Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Social Justice at Imphal during 18th-20th January 2023.
- The Committee on Public Undertaking held a meeting on "Corporate Governance in CPSU's" on 09.01.2023 at Chennai with NHPC Ltd and other Power PSU's.
- NHPC won 2 Golds, 1 Silver and 1 Bronze Medal in various categories during 27th Inter CPSU Badminton Tournament (9th-13th January 2023) organized under the aegis of PSCB, Ministry of Power, Government of India at Thyagaraj Stadium, New Delhi.
- NHPC hosted the first 'Maitri Cup 2023' T20 Cricket tournament organized towards promoting sporting activities and team spirit amongst its employees. A total of three teams including NHPC, NHDC and CVPPPL had participated in the tournament wherein NHPC team emerged as Winner.
- Government of Arunachal Pradesh alongwith NHPC organized study visit for locals of Siang/Upper Siang districts (Arunachal Pradesh) to NHDC's Indirasagar and THDC's Tehri Power Stations to give exposure on benefits/ development/ Resettlement & Rehabilitation initiatives of multipurpose dam projects.
- 'Data Privacy Day' was observed by NHPC on 30.01.2023 in association with Data Security Council of India (DSCI). A special seminar/workshop was held at Corporate Office on 30.01.2023 wherein all NHPC locations participated through online medium.
- The revenue collection during the month of January 2023 stood at Rs.605.49 crores and the total cumulative revenue collection up to January 2023 was Rs.7104.16 crores.
- The total cumulative generation of all NHPC Power Stations stood at 22658 MU at the end of January 2023.

India is poised for a quantum jump in power sector. Team NHPC has a special role to play in this scenario and the country has high expectations from us. As we move ahead with the focus on achieving our major targets I appeal to each and every one of you to continue working cohesively for organizational pride.

Sincerely Yours,



**(R.K. Vishnoi)**
**Chairman & Managing Director**